मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली सांगानेर क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

'आमजन को सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विकास कार्यों के जरिए अंत्योदय संकल्प के साथ काम कर रही है सरकार'

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से अंत्योदय के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विकास कार्यों को पूरा करने की टाइमलाइन निर्धारित कर इन्हें समय से पूरा करें।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। समीक्षा बैठक के दौरान ऊर्जा विभाग, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, पीएचईडी, स्वायत्त शासन, जल संसाधन एवं नगरीय विकास विभाग से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय बना कर कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग अपने प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को प्रतापनगर में 132 केवी जीएसएस का निर्माण तथा विद्युत लाइनों को भूमिगत करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी एवं एनएचएआई आपस में समन्वय बनाते हुए भांकरोटा फ्लाईओवर को शीघ्र पूरा करें जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को 200 फीट चौराहे पर बनने वाले फ्लाईओवर, अंडरपास एवं बीलवा फ्लाईओवर के गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रीको पुलिया से रेलवे फाटक मालपुरा तक सड़क चौड़ाईकरण का कार्य शीघ्र पूरा करें जिससे यातायत सुगम हो।

शर्मा ने कहा कि पृथ्वीराज नगर परियोजना के अंतर्गत अभियान चलाकर जल कनेक्शन के लंबित आवेदनों को समयबद्ध निस्तारित करें। उन्होंने अमृत 2.0 के अंतर्गत जयपुर नगर निगम क्षेत्र में पेयजल वितरण प्रणाली के सुदृढीकरण एवं सुधार कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पेयजल कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया का सरलीकरण हो जिससे आमजन को सुगमता से कनेक्शन मिल सके। उन्होंने कहा कि सांगानेर स्टेडियम का विकास एवं सौंदर्यीकरण एवं सिटी बस स्टैण्ड सर्किल पर कियोस्क हटाकर सुलभ शौचालय बनाने का कार्य समय से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पुराने नियमों में वर्तमान आवश्यकता एवं परिस्थितियों के अनुसार संशोधन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित विभाग सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के सभी विकास कार्यों को इंगित करते हुए कार्ययोजना तैयार करें। जिसमें सड़क, अस्पताल, सीवरेज लाइन तथा विकसित होने वाली अन्य जन-सुविधाएं दर्शायी गई हों। जिससे कार्यों की समीक्षा आसानी से त्वरित की जा सके। उन्होंने कहा कि सांगानेर में पुरातत्व महत्व के दरवाजों के आसपास अतिक्रमण को हटाया जाए तथा इनके सौन्दर्यीकरण कार्य परकोटे के दरवाजों के अनुरूप किये जाएं। साथ ही, इनकी बुकलेट बनाकर भी प्रकाशित करें।

शर्मा ने कहा कि जयपुर की बढ़ती आबादी के चलते एक उचित नगरीय प्लानिंग करें, जिससे बढ़ते संसाधनों के दवाब का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास विभाग अपने सभी विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करें। पृथ्वीराज नगर में समुचित ड्रेनेज एवं सीवरेज कार्य तथा द्रव्यवती नदी के आसपास भू-जल स्तर को बढ़ाने हेतु अण्डर वाटर रिचार्ज की सुविधा वाले स्थानों से मलबा हटवाने व मरम्मत का कार्य भी शीघ्र किया जाए। बैठक में सांगानेर क्षेत्र में जिला अस्पताल, नवीन रेलवे स्टेशन के विकास कार्य, विभिन्न सड़क निर्माण, मुहाना मोड पर ओवरब्रिज, खुली जेल को अन्यत्र स्थानांतरित करने, गुलर बांध की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार सहित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव पीएचईडी भास्कर सावंत, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन वैभव गालरिया, जेडीए एवं नगर निगम, आवासन मण्डल, जयपुर जिला प्रशासन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक लेकर सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की।

- **विकास के कार्यों को समय से पूरा करें : मुख्यमंत्री**

कंपनी संचालक को जान से मारने की धमकी दी

जयपुर (कासं)। शिवदासपुरा थाना इलाके में बदमाशों ने एक कम्पनी संचालक ने मंथली मांगी, रकम नहीं देने पर आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने पीड़ित के कार्यालय के बाहर तोड़फोड़ की।

पुलिस के अनुसार गोठडा खेतडी झुंझुनूं निवासी दलीप सैनी ने मामला दर्ज करवाया कि वह और उसके दोनों बेटे जितेंद्र उर्फ जीतू और रोहित सैनी महल रोड पर कैपिटल मॉल में ट्यूर एण्ड ट्रेवल्स कम्पनी कार्यालय चलाते है। उसके बेटे जितेंद्र के पास सुरेश गुर्जर उर्फ कालू गुर्जर और मुकेश डोई का कॉल आया। आरोपियों ने उससे मंथली देने की बात कहीं।

इस पर पीड़ित ने मंथली देने से मना कर दिया। इस पर आरोपियों ने जितेंद्र को उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मंथली नहीं पहुंचने पर 2 जनवरी को अलसुबह करीब तीन बजे गाडियों में भरकर 4-5 लोग उनके कार्यालय के बाहर पहुंचे और वहां पर तोडफोड की। कार्यालय का शीशा तोड दिया। इस पर वहां पर सो रहे रोहित ने अपने बड़े भाई को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी पर जितेन्द्र मौके पर पहुंचा इससे पहले ही बदमाश वहां से भाग निकले। इस पर पीडित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला से पर्स छीना

जयपुर। मुहाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक महिला के हाथ पर झपट्टा मार कर पर्स छीनकर ले गए। पर्स में नगदी व मोबाइल रखा था। पुलिस के अनुसार दादू दयाल नगर निवासी गीता देवी आहुजा ने मामला दर्ज करवाया कि वह घर से बाजार जा रही थी। घर से कुछ दूरी पर पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मारकर पर्स छीनकर ले गए।

सार-समाचार

रितु सिंह विजिटर्स नॉमिनी नियुक्त

जयपुर। जयपुर की प्रसिद्ध आर्किटेक्ट और 25 वर्ष पुरानी फर्म, डिज़ाइन आर्किटेक्ट्स की फाउंडर, रितु सिंह को द्रौपदी मुर्मू द्वारा विजिटर्स नॉमिनी के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्हें भोपाल के स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, में फैकल्टी/अकादमिक स्टाफ की भर्ती और अकादमिक स्टाफ की पदोन्नित के लिए चयन समिति में राष्ट्रपति के नामांकित सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इस चयन समिति में उनका कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। जयपुर के आर्किटेक्चरल परिदृश्य में एक प्रमुख हस्ती, रितु सिंह, काउंसिल ऑफ आर्किटेक्टचर, नई दिल्ली की सदस्य रही हैं, और अपनी प्रैक्टिस के माध्यम से कई नवाचारी प्रोजेक्ट्स को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी हैं। उन्होंने राजस्थान में 100 से अधिक इंस्टीट्ययूशनल बिल्डिंग का डिजाइन तैयार किया है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला है। यह नॉमिनेशन आर्किटेक्चर के क्षेत्र में रितु सिंह के महत्वपूर्ण योगदान और उत्कृष्टता के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है।

दो लोगों से 1.17 करोड़ रुपए ठगे

जयपुर। बजाज नगर इलाके में दूध का व्यापार करने के नाम पर दो लोगों से 1.17 करोड़ रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार बरकत नगर निवासी रमाकांत वर्मा और देव नगर निवासी एकांश फुगलिया ने मामला दर्ज करवाया कि दिवराला अजीतगढ़ निवासी विक्रम यादव ने उन्हें दूध का कारोबार करने का प्रलोभन दिया। प्रलोभन देकर आरोपी ने उनसे क्रमशः 75 लाख, 13 लाख,16 लाख और 13.50 लाख रुपए ले लिए। यह राशि आरोपी ने साल 2020 से 2024 के बीच लिए है। आरोपी अब उन्हें मूल राशि लौटाने में आनाकानी कर रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अतिक्रमण हटाकर 3 ट्रक सामान जब्त

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में किरण पथ से वरूण पथ मध्यम मार्ग मानसरोवर से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 3 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में किरण पथ से वरूण पथ मध्यम मार्ग मानसरोवर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 3 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

दो शातिर चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

जयपुर। सांगानेर थाना पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी के लाखों रुपयों के जेवरात भी बरामद किए है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि चोरी के मामले में आरोपी कानाराम उर्फ तोल्यो (20) पुत्र रामेश्वर बावरी निवाई टोंक हाल जोबनेर जयपुर ग्रामीण एवं और कानाराम उर्फ कान्हा (20) पुत्र मदन बावरी सांभर जयपुर ग्रामीण हाल झुग्गी झोपडी मानसरोवर के रहने वाले है तथा इनका एक नाबालिग साथी भी है, जिसे निरूध किया है। तीनों से पूछताछ जारी है। उन्होंने बताया कि 25 नवम्बर का सांगानेर सदर के वाटिका स्थित श्याम ज्वैलर्स के यहां चोरी की वारदात को अंजाम दिया। तीनों बदमाश शटर तोडकर लाखों रुपए के गहने चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने पहचान के बाद दबिश देकर तीनों बदमाशों को जोबनेर फुलेरा को धर-दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के लाखों रुपए के गहने बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी नशा करने के आदी है। ये अपने शौक व मौज-मस्ती के वारदात को अंजाम देते थे। दुकानों के शटर तोडकर चोरी की वारदात करते। पावर बाइक से भाग कर धर्मशाला में यात्रियों के बीच शरण लेकर छिप जाते थे। चोरी के समय विरोध या पीछा होने पर गिलोल के जरिए हमला कर फरार हो जाते थे।

यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया

जयपुर। यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने, सड़क हादसों में कमी लाने और जन-जन को सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर जागरुक करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जिला प्रशासन द्वारा जयपुर परवाह (केयर) अभियान का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि संचालित जयपुर परवाह (केयर) अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

दुग्ध संघ सहकार में सहयोग और श्वेत क्रान्ति 2.0 अभियान की शुरुआत करेंगे

जयपुर (कासं)। राजस्थान को-ऑपरटिव डेयरी फैडरेशन की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने राज्य सरकार के अभियान श्सहकार से समृद्धि को व्यवहार में प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समितियों तक पहुँचाने के निर्देश दिये है। उन्होंने भारत सरकार के अभियान सहकार में सहयोग- और श्वेत क्रान्ति 2.0 के क्रियान्वयन के निर्देश भी दिये हैं ताकि दुग्ध उत्पादन, महिला दुग्ध उत्पादकों के सशक्तिकरण और उत्पादन लागत में कमी कर डेयरी सैक्टर का उत्थान किया जा सके।

भारद्वाज आज यहा जवाहर लाल नेहरु मार्ग स्थित सरस संकुल मुख्यालय में राज्यभर के जिला दुग्ध संघों के प्रबन्ध संचालकों से वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकार वर्ष के रुप में मनाये जाने के संबंध में विस्तृत रुप रेखा बनाये जाने पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित कर रही थी। सहकार में सहयोग और श्वेत क्रान्ति 2.0 की गाइडलाईन्स को रेखांकित करते हुऐ उन्होंने जिला दुग्ध संघों को संघ और दुग्ध समितियों के बैंक खाते सहकारी बैंकों में खुलवाने के निर्देश दिये जिससे ग्रामीण सहकारी बैंकों की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके और परस्पर सहकारिता की भावना विकसित हो। उन्होंने ग्राम स्तर पर गठित प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समितियों को बाजार से जोड़ने के लिये उन्हें व्यवसाय करने का अवसर दिये जाने के भी निर्देश दिये। इस कड़ी में दुग्ध समितियों को दुग्ध संकलन के साथ-साथ बहुउद्देशीय समिति बनाने के लिये उन्हें डेयरी बूथ आवंटित करने और घी व्यापार से जोड़ने के निर्देश भी दिये हैं। राज्यभर में 700 सहकारी दुग्ध समितियों को बूथ आवंटित किये जा चुके हैं। प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों में फल, सब्जियां, दाल इत्यादि भी उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है।

मादक पदार्थ सहित दो तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ विधायकपुरी इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्कर सुरजीत मीणा उर्फ संकित एवं इन्द्रेश सिंह को गिरफ्तार कर 38 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित अवैध मादक पदार्थ अकलेरा झालावाड़ से लाकर जयपुर शहर में सप्लाई करना बताया है। पुलिस के अनुसार बरामद अवैध मादक पदार्थ स्मैक की अनुमानित कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 19 लाख रुपये है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने विधायकपुरी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्कर सुरजीत मीणा उर्फ संकित एवं इन्द्रेश सिंह को गिरफ्तार किया।

सिर दर्द व नेत्र रोग से परेशान भूरी देवी को मिला सुगमता से इलाज

सेहत का वरदान बन रहे मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में संचालित किए जा रहे आयुष्मान आरोग्य शिविर आमजन के लिए सेहत का वरदान साबित हो रहे हैं। इन शिविरों में आमजन को मौके पर ही जांच एवं उपचार का लाभ सुगमता से मिल रहा है।

हाल ही में धानक्या में आयोजित हुए शिविर में स्थानीय महिला भूरी देवी को उपचार मिला और उनकी लंबे समय से चली आ रही स्वास्थ्य समस्या दूर हुई। चकरामसर की 58 वर्षीय महिला भूरी देवी शिविर में इलाज करवाने आई। उन्हें आंखों से धुंधला दिखाई देने एवं सिर दर्द की शिकायत थी। लंबे समय से इस स्वास्थ्य समस्या का सामना कर रही भूरी देवी ने शिविर में उपस्थित नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक एवं नेत्र सहायक को आँखों से धुंधला दिखने एवं सिर दर्द की समस्या से अवगत करवाया। विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा इनकी आँखों की जांच की गई, जिसमें उनकी नजदीक की नज़र कमजोर पाए जाने पर शिविर स्थल पर ही उन्हें नज़र का चश्मा उपलब्ध करवाया गया।

इसके बाद भूरी देवी को साफ दिखाई देने लगा एवं सिर दर्द की समस्या से भी निजात मिली। भूरी देवी ने सुगमता से अपना इलाज होने पर चिकित्सा विभाग की इस अभिनव पहल का स्वागत करते हुए राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

भूरी देवी

पर्स और मोबाइल छीनने वाले बदमाश दबोचे

जयपुर (कासं)। मुहाना पुलिस ने झपट्टा मारकर महिलाओं के गले से उनका मंगलसूत्र, पर्स और मोबाइल छीनने की एक दर्जन से अधिक वारदात करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए एक दर्जन से अधिक मोबाइल, मंगलसूत्र और वारदात में काम में ली बाइक भी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने झपट्टा मारकर महिलाओं के गले से उनका मंगलसूत्र, पर्स और मोबाइल छीनने की एक दर्जन से अधिक वारदात करने वाले आरोपी शिवा उर्फ भरत छीपा (20) गणेश विहार मुहाना और आशीष शर्मा (21) मूलतः करौली हाल मुहाना को गिरफ्तार किया गया है।

8 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही दो अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

- **जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम ने सांगानेर के ग्राम कपूरवाला में की कार्रवाई**
- **ग्राम मदरामपुरा में 1000 वर्गमीटर सरकारी जमीन से काश्तकारों का कब्जा हटाया**

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने सांगानेर क्षेत्र में 8 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि सांगानेर के ग्राम कपूरवाला में खातियों की ढाणी के पास करीब 4 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन और बिना-भू रूपान्तरण अवैध रूप से कॉलोनी बसाई जा रही थी।

काश्तकारों ने रातोंरात भूमि समतल करके मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर लिए थे। इसी प्रकार अन्य 4 बीघा जमीन पर भी इसी तरह दूसरी अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। इस पर जेडीए टीम ने जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से तमाम अवैध निर्माण ध्वस्त किए। इसी प्रकार ग्राम मदरामपुरा में जयपुर विकास प्राधिकरण के खसरा नं. 271 में से जयपुर डिस्कॉम को आवंटित जमीन में से करीब 1000 वर्गमीटर पर स्थानीय काश्तकारों ने कब्जा-अतिक्रमण करक अवैध रूप से फसल उगाकर तारबंदी कर रखी थी, इसे भी हटाया गया। इसी तरह जोन-10 के इकोलोजिकल जोन में ग्राम गुवारडी के खसरा नं. 344 जेडीए स्वामित्व के गैर मुमकिन आम रास्तें की भूमि से अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटाया। लोगों ने टीनशैडनुमा अवैध निर्माण, कच्चे-पक्के मकान, मिट्टी की डोल बनाकर, तारबंदी कर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था, जिसे हटाया गया। यह पूरी कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के नेतृत्व में की गई।

सांसद मंजू शर्मा ने ली स्मार्टसिटी के अफसरों की बैठक

जयपुर। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत गणगौरी बाजार स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल और चौगान स्टेडियम में चल रहे विकास कार्यों को लेकर शुक्रवार को स्मार्ट सिटी मुख्यालय के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। जयपुर सांसद मंजू शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्मार्ट के सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण हसीजा, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद सचिव राजेंद्र सिंह, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉ अरविंद गुप्ता सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सा अधिकारी, चौगान स्टेडियम के अधिकारी के साथ स्मार्ट सिटी और हेरिटेज निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

इस बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल और चौगान स्टेडियम के विस्तार के लिए किए जा रहे विकास कार्यों में आ रही समस्याओं के निस्तारण पर चर्चा की गई। इस दौरान जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जयपुर शहरवासियों के लिए चिकित्सा और खेल क्षेत्र में विकास की बड़ी सौगात दी गई है। अब जल्द से जल्द आमजन को ये सुविधा मिलनी चाहिए। इसके लिए जो भी

मुहाना मंडी क्षेत्र में हटाया अतिक्रमण

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रतर्वन दस्ते ने शुक्रवार को मुहाना तिराहे से मुहाना मण्डी तक 200 फीट सड़क सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त कराया। इस 200 फीट सड़क पर करीब 3 किलोमीटर दूरी में लोगों ने कब्जा कर अतिक्रमण कर रखा था। जेडीए टीम ने जेसीबी की मदद से अवैध रूप से लोहे-लक्कड का कबाड़, पुरानी गाड़ियां, टीनशेड, टायर व अन्य सामान हटाया।

"एनिमी ऑफ द पीपल" नाटक के जरिये दिखाई भ्रष्टाचार से जंग

जवाहर कला केन्द्र में आयोजित राजरंगम् महोत्सव में शुक्रवार को नाटक "एन एनिमी ऑफ द पीपल' का मंचन किया गया।

जयपुर। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और एक्टर्स थिएटर एट राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 7वें राजरंगम् महोत्सव का शुक्रवार को दूसरा दिन रहा। रंगायन सभागार में नाटक "एन एनिमी ऑफ द पीपल' का मंचन किया गया। नाटक की कहानी हेनरिक इब्सन द्वारा लिखी गयी है, जिसका निर्देशन योगेंद्र सिंह द्वारा किया गया है। शनिवार को शाम 6:30 बजे संकेत जैन के निर्देशन में नाटक चित्रांगदा का मंचन होगा।

मूल रूप से हेनरिक इबसेन द्वारा लिखित एक घंटे 50 मिनट का यह नाटक प्रसिद्ध कवि और लेखक नेमी चंद्र जैन के रूपांतरण पर आधारित है। यह एक यथार्थवादी नाटक है जो भ्रष्टाचार से एकल युद्ध छेड़ने वाले नायक की कहानी को बयां करती है। योगेन्द्र सिंह परमार द्वारा निर्देशित नाटक नायक डॉ.अभय कुमार के इर्द-गिर्द घूमता है। जो समाज और देश की भलाई के लिए समर्पित एक ईमानदार व्यक्ति है।

नाटक में दिखाया जाता है कि डॉ. अभय कुमार अपने इलाके में फैली महामारी पर जांच करते हुए पाते हैं कि शहर के मुख्य जलस्त्रोत का पानी दूषित है और बिमारियों का घर है। चमड़ा उद्योग से निकला गंदा पानी मिलने से यह पानी विषाक्त बन गया है जिसे पीने से लोग बीमार पड़ने लगते हैं। चमड़ा उद्योग उनके ससुर का है जबकि शहर का मेयर निर्भय कुमार डॉ.अभय का भाई है, जो मामले को दबाना चाहता है लेकिन इसके बावजूद डॉ. अभय अन्य लोगों को इस बात से सचेत करते है।

मेयर डॉ. अभय को अपना बयान वापस लेने को कहता है लेकिन डॉ.अभय अपनी जांच पर तटस्थ हैं जिससे दोनों भाईयों के संबंधों में खटास पड़ जाती है और जनहित को समर्पित डॉ. अभय को ही जनशत्रु घोषित कर राजनीति और मीडिया के दुष्चक्र में फंसा दिया जाता है। इसके बाद डॉ. अभय भ्रष्टाचार के खिलाफ एकल जंग छेड़ देते है। उन्हें शहर से निकालने की कोशिश भी की जाती है। सबसे मजबूत इंसान वह है जो अकेला खड़ा होता है इसी सोच के साथ वह अपनी जंग जारी रखते है। महमूद अली, योगेन्द्र सिंह, आस्था शर्मा, साक्षी, भव्या, नरेन्द्र अरोड़ा, विनय सैनी, ऋतिक शर्मा, अंकित शर्मा, गौरव सोनी, प्रियांशु, ओम, अभिषेक, श्याम यादव, राहुल भाटी, दीक्षांक और साहिल ने विभिन्न किरदार निभाए। विमल मीणा ने संगीत संयोजन और देशराज गुर्जर ने प्रकाश संयोजन किया। आसिफ शेर अली खान, काजोल और असलम पठान ने क्रमशः मंच सज्जा, कॉस्ट्यूम और मेक अप संभाला।

राज्य सरकार और विधानसभा से प्राप्त पत्रों का प्राथमिकता से डिस्पोजल करें : मंजू राजपाल

जयपुर (कासं)। प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता मंजू राजपाल ने कहा कि वर्ष 2025 में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक संकल्प लेना चाहिये कि वे विभाग में राज्य सरकार, लोकायुक्त, विधानसभा आदि के स्तर से प्राप्त पत्रों, प्रश्नों एवं निर्देशों के संबंध में त्वरित कार्यवाही करेंगे और इनके निस्तारण में लगने वाले समय को न्यूनतम स्तर तक लायेंगे और सहकारिता विभाग को एक उदाहरण के रूप में पेश करेंगे।

राजपाल ने आज शुक्रवार को नेहरू सहकार भवन स्थित सभागार में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुये कहा कि सभी फंक्शनल अधिकारी अनुभाग में प्राप्त पी.यू.सी. के निस्तारण के लिये साप्ताहिक कार्य योजना बनाकर काम करें और उनका दैनिक मॉनिटरिंग भी करें ताकि उनका समयबद्ध तरीके से डिस्पोजल हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिये अपने कार्मिकों के बीच कार्य विभाजन को परिभाषित करें और उनके मध्य रोटेशन ऑफ ड्यूटीज भी करते रहें ताकि किसी विशिष्ट अवधि में कार्मिक की अनुपस्थिति से अनुभाग का कार्य प्रभावित न हो।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, लोकायुक्त कार्यालय एवं विधान सभा से प्राप्त पत्रों, प्रश्नों, निर्देशों के संबंध में संबंधित संस्थाओं और कार्यालयों से सामंजस्य स्थापित करते हुये टाइम बाउण्ड तरीके से निस्तारण किया जावे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकरण में सारगर्भित कार्यालय टीप अंकित की जावे तथा उससे संबंधित विषयों और पत्रों को सही ढंग से फ्लेग किया जावे। ऐसा करने से उच्च स्तर पर त्वरित निर्णय संभव हो सकेंगे।

रजिस्ट्रार ने कहा कि सहकारिता विभाग राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में एक महत्वपूर्ण विभाग है और विभाग सहकारी संस्थाओं के सहयोग से लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग के कार्य निष्पादन प्रदर्शन में सुधार का सीधा प्रभाव योजनाओं के क्रियान्वयन पर पडता है। इसलिये यह हमारी सबकी जिम्मेदारी है कि हम सभी एक टीम के रूप में कार्य करें और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य कर आमजन को अधिक से अधिक राहत दें।

प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल